तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 7 जुलाई 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



06 संपूर्णता अभियान के तहत जागरूक करने...




06 कार्यशाला का आयोजन दिया महाविद्यालय के शिक्षकों...




## खबर संक्षेप



### प्राथमिक व माध्यमिक शाला सुखई के बच्चों ने पौधारोपण किया

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत प्राथमिक व माध्यमिक शाला सुखई में शाला प्रबंध समिति के सदस्य छात्र-छात्राएं व शिक्षकों ने पर्यावरण को संरक्षित करने व भावी पीढ़ी के लिए पेड़-पौधे तैयार करने का प्रण लेते हुए एक पेड़ मां के नाम फलदार पौधे का रोपण किया गया है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण जैन, चिमनीलाल नरेटी, उपसरपंच दिनेश माहवे, बंशीराम माहवे, कन्हैया भुवार्य, कृष्ण जैन, किशनलाल, जवारह पिस्दा संस्था प्रभारी, मधुराम नेताम, रामदयाल नरेटी संकुल समन्वयक, किशोर कुमार विश्वकर्मा, शिक्षक बिसाहूराम सर्फे, संजय कुमार पिद्दा, पुष्पांजलि, लोकेश साहू,नोमेश्वर निषाद व संस्था के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत ग्राम बरेंबेड़ा निवासी 22 शिवलाल कोमरे पिता जोहरु राम कोमरे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक का पमावली रोड नारायणपुर में सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था और उसके बाद उसकी मौत हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## अभियान : अधिकारी, नगर सैनिक, शहरवासी, युवा व युवती भी जुटे

# भारत माता की जय के नारों के साथ डढ़िया तालाब को जलकुंभीमुक्त करने श्रमदान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ प्रतिदिन एक से दो घंटे कर रहे श्रमदान


डढ़िया तालाब को जलकुंभीमुक्त करने के लिए अब शहर के लोग, युवा वर्ग व अधिकारी सामने आ रहे है। प्रतिदिन एक से दो घंटे श्रमदान करने के लिए लोग सामने आ रहे है। शनिवार यानी 6 जुलाई को भी जिला प्रशासन के अमले ने जलकुंभी निकालने में हाथ बंटाया। इस दिन पांच घाट में अलग-अलग टीम जलकुंभी निकालते हुए भारतमाता की जय की गूंज भी होती रही।

नगर पालिका के तत्कालीन अधिकारियों और नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों ने डढ़िया तालाब में फैलने वाली जलकुंभी को शुरूआती दौर पर गंभीरता जैसी दिखाई देनी चाहिए। वैसी गंभीरता पाँच साल नहीं दिखाया, उसका परिणाम यह रहा कि पूरा तालाब जलकुंभी से पट गया। यह पहला साल है कि तालाब पूरी तरह से जलकुंभी से पट गया। जलकुंभी से गर्मी में आने वाली बदबू को लेकर हरिभूमि ने कई बार संज्ञान में लाया, परंतु कांग्रेस सरकार के अधिकारी वहीं करते थे, जो विधायक व उनके बड़े नेता कहते थे, उसके अलावा उनको जिले से कोई लेना देना नहीं था, उसी का परिणाम रहा कि उन अधिकारी में एक आईएएस निलंबित हो चुके, वहीं काम न करने वाले आईएएस लूपलाइन में चले गए। कांग्रेस के कार्यकाल में जलकुंभी ऐसी बढ़ी कि पूरा तालाब पट गया। हरिभूमि ने सरकार बदलते ही फिर से इस मुद्दे को अधिकारियों के संज्ञान में लाया और विगत 6 माह से लगातार शहरवासी आवेदन दे रहे थे, परंतु केवल नगरपालिका के चार से पांच कर्मचारी ही जलकुंभी एक से दो माह निकाले, कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया। डढ़िया तालाब की जलकुंभी को हटाने को लेकर अभियान के प्रारंभ होने के 20 दिन पहले फिर से प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाया गया, उसके उपरांत शिव मंदिर समिति के पदाधिकारी अरूण कौशिक व उनकी टीम, जवाहर वार्ड के पार्षद जयंत अटभैया ने जलकुंभी निकालने की अभियान शुरू किया।





### अफसरों की टीम कई घंटे तक डटी रही



जलकुंभी हटाने के लिए अफसरों की टीम मरीन ड्राईव घाट में कई घंटे तक डटी रही। कांकेर को स्वच्छ रखने के अभियान में कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व में एडीएम सुखनाथ अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल, एसडीएम अरूण वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल, ईई पीएचई बीएन भोयर, नान प्रबंधक विनोद बुधीचा, जिला आबकारी अधिकारी क्रिस्टोफर खलखो, खाद्य अधिकारी जन्मेजय नायक, खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा, एडीशनल सीईओ वीरेंद्र जायसवाल, उद्यान विभाग उपसंचालक करन सोनकर, सीएमओ सोहेल कुमार, मत्स्य विभाग से श्री कंवर, डंकेश्वरी सिन्हा, राजकुमारी मरकाम, रीतू हुर्रा, नूतन नरेटी, डीएल कौशिक, डीआर मंडावी, भवानी ठाकुर के अलावा महिला मोर्चा की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वंदेमातरम घाट में नगर पालिका के सब इंजीनियर राजेश मिश्रा, बीरेंद्र लोन्हारे, श्याम कार्तिक, संजय चौहान, गोपाल पचभिए, पीलूराम जैन, केवल जैन के अलावा एकता नगर जनरल हॉस्टल के विद्यार्थीगण शामिल रहे।

### शिव मंदिर घाट में 70 युवकों ने किया श्रमदान



शिव मंदिर घाट में पुलिस व वनरक्षक की तैयारी करने वाले युवक व युवती डढ़िया तालाब को जलकुंभी मुक्त करने के लिए लगभग 70 युवक व युवती पहुँचे। शिव मंदिर घाट के पास युवाओ ने जलकुंभी मुक्त डढ़िया तालाब श्रमदान में अहम भूमिका निभाई। इस अभियान में प्रमुख युवाओं के मार्गदर्शन खाघ सुरक्षा अधिकारी विमल कंवर, नरेंद्र, भुनेश्वर, शांतनु, गौतम, गीता, सैम, भुवनेश्वरी, निधि, कविता, बमलेश्वरी, रीना, हेमलता, ललेश्वरी, ख्वाब, नंदिनी, भानुमती, प्रिया, सरस्वती,गीता, मुंगेश्वरी, ममता, रितेश्वरी, संगीता,सुनीता,गीतिका,ज्योति, भारती,निकिता,श्रद्धा, मनुश्वरी,सुमिता, सनोती, तेजस्वी, विक्की, संतलाल, पंकज, बबलू, बलिराम, सोमेश, नरेंद्र, नागेश, गौतम, योगेश, देवेंद्र, एव अन्य शामिल रहे।



### शहरवासी व एकल विद्यालय की टीम रही शामिल

पंचमुखी मंदिर के पास घाट में एकल विद्यालय की टीम और शहरवासियों ने भी डढ़िया तालाब को जलकुंभी मुक्त करने में श्रमदान किया। श्रमदान में राजगोपाल कोठारी, अशोक राठी, निर्मल महेश्वरी, अजय जैन, मनोज हड़प, हेमंत गांधी, जागेश्वर सिन्हा, राजेश यादव, ललित साहू, लोकनाथ प्रधान, वीरेंद्र अतकारी, लखन नेताम, देवचंद्र नेताम, भुवनेश्वर यादव, अजय पटेल, कृष्णा पटेल, मनोज बघेल, तीरथराम बेसरा, किशोर, सरस्वती साहू, रताएं व अन्य शामिल रहे।

### गार्डन घाट में युवाओं में दिखा जोश

अग्निवीर की तैयारी करने वाले युवक व युवतियाँ डढ़िया तालाब को जलकुंभी मुक्त अभियान में शरीक होने पहुँचे और जलकुंभी को कम से कम दो घंटे तक निकालने में श्रमदान किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण देने वाले मार्गदर्शक टेकेश्वर जैन व उनकी टीम शामिल रहे।



## आंगनाबाड़ी कार्यकर्ता पर बच्चों को डराने धमकाने और मारपीट का लगाया आरोप

■ ग्रामीणों ने कार्यकर्ता को हटाने की रखी मांग

■ 11 माह से बंद थी आंगनबाड़ी

**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत पोरोड़ी के खासपारा आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता के व्यवहार से नाराज होकर ग्रामीणों ने हटाने की माँग किया है। गांव में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेडा के ग्राम पंचायत पोरोडी के खासपारा आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता पिंकी उयके पर ग्रामीणों ने कार्यकर्ता के द्वारा छोटे-छोटे बच्चों के साथ मारपीट, डराने धमकाने का आरोप लगाया है। अप्रैल-मई माह में कार्यकर्ता द्वारा आंगनबाड़ी जा रहे छोटे-छोटे बच्चों के साथ डराना, धमकाना व मारपीट करती थी, जिस पर ग्राम की कुछ महिलाओं के द्वारा बच्चों के साथ ऐसी मारपीट न करने की समझाइश दिया, परंतु कार्यकर्ता आवेश में आकर महिलाओं से बहस करने लगी। कार्यकर्ता ने गांव की 13 महिलाओं के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करा दिया। जिससे ग्राम की महिलाओं के ऊपर चालानी कार्रवाई के कारण न्यायालय में पेश होना पड़ा। ग्राम के 13 महिलाओं को कानूनी कार्रवाई से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कार्यकर्ता ने इस हरकत ▶▶| शेष पेज 04 पर



### बच्चों को आंबा केंद्र नहीं भेजने की ठानी

ग्रामीण कार्यकर्ता के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यालय कोयलीबेड़ा पहुंचकर अधिकारियों को आवेदन देकर, उसे तत्काल अन्यत्र हटाने की मांग किया है। कार्यकर्ता के व्यवहार और मारपीट को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित है। बच्चों को उस कार्यकर्ता के रहते अपने छोटे-छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजने की ठानी है।

## केंवटी रोड किनारे खड़े व्यक्ति को ट्रक ने मारी ठोकर, मामला दर्ज




**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम हरहरपानी में मछली बिक्री करने गए व्यक्ति को केंवटी रोड किनारे मोटर सायकल खड़ी कर सामान नीचे उतार रहा था। उसी समय दुर्गुकोंदल की ओर से आ रही ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंची ग्राम हरहरपानी निवासी 47 वर्षीय दुलमा बाई मंडावी पति नंदूराम मंडावी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करती हूं। मेरे पति बाजार में जाकर मछली बिक्री करता हैं। 2 जुलाई की शाम करीबन 4 बजे मछली बिक्री करने ग्राम केंवटी गए थे, तभी मेरा पति मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 एन 1059 को केंवटी चौक रोड किनारे खड़ी कर मछली व अन्य सामान को मोटर सायकल से नीचे उतार रहा था, की उसी समय दुर्गुकोंदल से केंवटी की ओर आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएफ 4656 के चालक ने ट्रक को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर मेरे पति को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से उसके पति के दाहिने पैर में चोटे आई है। जिसे इलाज के ▶▶| शेष पेज 04 पर






## श्रद्धालुओं को सवा क्विंटल गजामूंग प्रसादी का होगा वितरण

# भगवान जगन्नाथ को पिलाया काढ़ा, आज देंगे भक्तों को दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ रथयात्रा निकलने से पहले भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की होगी रथपूजा

शहर के राजापारा में स्थित जगन्नाथ मंदिर में जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी जोर शोर से जारी है। रथ यात्रा 7 जुलाई को सायं साढ़े 4 बजे जगन्नाथ मंदिर से निकलेगी। रथयात्रा के एक दिन पहले 6 जुलाई को हवन पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा कर भगवान जगन्नाथ को काढ़ा पिलाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं को काढ़ा वितरण किया गया।

भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी श्री नरसिंह भगवान मंदिर समिति राजापारा के अध्यक्ष श्रवण चौहान ने बताया कि आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को रथयात्रा पर्व मनाया जाता है। भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होने के बाद भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर बैठकर अपनी मौसी के घर जाते हैं। वे अपनी मौसी के घर सात दिन रुकते हैं, इसके बाद वापिस आते हैं। राजापारा में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में 7 जुलाई को अपरान्ह साढ़े 4 बजे रथयात्रा निकलने से पहले भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथ पूजा एवं छेरा पोहरा रथ परिक्रमा होगी। उसके उपरांत भगवान श्रद्धालुओं को दर्शन देने के लिए शहर का भ्रमण करेंगे। रथयात्रा का प्रस्थान होगा और कम से कम 10 मिनट रथ ठहराव के स्थान पुलिस लाइन चौक मंदिर के पास, गांधी चौक, पुराना बस स्टैण्ड पीपल झाड़ के पास, हनुमान चौक, मांझापारा सिंध धर्मशाला के पास, कचहरी चौक, सेन चौक, काली मंदिर के पास, ▶▶| शेष पेज 04 पर



### सवा क्विंटल गजामूंग प्रसादी का होगा वितरण

नगर में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं के लिए लगभग सवा क्विंटल का गजा मूंग प्रसाद तैयार किया जा रहा है। जिसका वितरण रविवार के दिन 7 जुलाई को रथयात्रा के भ्रमण के दौरान दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किया जाएगा।


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### कर्मचारियों नें सोसाइटी परिसर में लगाए पौधे

**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भखारा द्वारा शासन के आदेशानुसार पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए प्रत्येक समिति में कम से कम दस-दस पौधे लगाने आदेशित किया गया है। इसी तारतम्य में भखारा सोसाइटी के कर्मचारियों द्वारा परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रबंधक तरुण साहू, लेखापाल रामकुमार साहू, लिपिक कमलेश यादव, विक्रेता रोहित साहू, दिलीप साहू, प्रोसेस सर्वर हरखराम साहू, धनेश्वर साहू, लीलाराम निषाद, आपरेटर पुष्पलता साहू, गीता साहू समेत अनेक कृषक मौजूद थे।

### राजपुर से पश्चिमपारा मार्ग कीचड़ से लथपथ

**नगरी।** ग्राम पंचायत राजपुर के मुख्य मार्ग से होकर पश्चिमपारा जाने वाला मार्ग कीचड़ लथपथ है।



मोहल्लेवासियों ने कहा कि अभी बरसात प्रारंभ हुई है और यह हाल है। ग्राम पंचायत द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बरसात के दिनों में काफी परेशानी का समाना करना पड़ सकता है। स्कूली बच्चे या आमजनता को परेशान होना पड़ेगा। पालकों का कहना है कि रोड की स्थिति देखकर स्कूली वैन चालक आने के लिए कतरा रहे हैं। बड़े वाहन भी गुजरते हैं तो उसे साइड देने में काफी दिक्कत होती है। गर्मी के दिनों में रोड पर मुरुम डालने की बजाय मिट्टी डाल दी गई जिसके चलते परेशानी उठानी पड़ रही है।

### बच्चों में पढ़ाई के साथ संस्कार भी आवश्यक : भोजराज

**मगरलोड।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल भैंसमुंडी मगरलोड में विकासखंडस्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। अतिथियों ने विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया। पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराज नाग सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र थे। अध्यक्षता प्रकाश सिंह बैस जिलाध्यक्ष भाजपा ने की । विशिष्ट अतिथि विजय यदु अध्यक्ष माजपा मंडल मगरलोड, होरीलाल साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल मेघा, नरेश सिन्हा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, पार्षद दुर्गा साहू, नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष, शत्रुघन साहू प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भीखम, भवानी यादव पूर्व सांसद प्रतिनिधि, नरेश अग्रवाल पार्षद, हिरंजय साहू, डीहूराम साहू, रोगित यादव थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नाग ने कहा कि प्रवेश उत्सव एक तिहार है। जीवन की सीढ़ी है। बच्चों के प्रथम गुरू माता पिता को माना जाता है। गुरू के बताए मार्ग पर चलने से ज्ञान मिलता है। अगर जीवन में आगे बढ़ना है तो गुरूजनों की बातें अवश्य माने।

# हायर सेकंडरी मयूर डोंगर में 'एक पेड़ मां के नाम' के लिए पढ़ा गया संदेश

## छात्र- छात्राओं सहित स्टाफ ने पौधारोपण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शाउमावि मयूर डोंगर में शासन की मंशा के अनुरूप व अदेशानुसार विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के लिये छात्र- छात्राओं ने के सामने शनिवार को संदेश पढ़कर सुनाया गया। उसके बाद पौधारोपण किया गया । इस अवसर पर समस्त छात्र- छात्राओं व शिक्षकीय व गैर शिक्षकीय स्टाफ को विद्यालय परिसर व अपने घरों में भी एक पेड़ अपने मां के नाम से लगाने का संकल्प दिलाया गया। जिससे बिगड़े हुये पर्यावरण को सुधारा जा सके।

■ प्राचार्य मुकेश ने रोपा नींबू का पौधा



### पर्यावरण को है गंभीर खतरा

आज इक्कीसवी सदीं में पृथ्वी को सबसे अधिक खतरा पर्यावरण से है। तालाब नदियां, कुआं व गहरा होकर खत्म होता जलस्तर, के साथ ही दूषित वायु से विष्व के कई देशों के कई शहर बेहाल हो गये हैं। हालात इतने खराब हो चुके है कि कई शहरों की वायु सांस लेने लायक भी नहीं रह गयी है। इन खतरों से सिर्फ वृक्ष ही बचा सकते है। इसी को देखते हुये पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शाउमावि मयूर डोगर में आज यह आयोजन किया गया। अगर हर व्यक्ति एक पेड़ रोपण कर दे तो करोड़ों पेड़ लगाए जा सकते हैं, जिससे पर्यावरण को अत्याधिक लाभ हो सकता है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सेमशन, वरिष्ठ व्याख्याता जमील अहमद, सीएसी दुर्गाशंकर दीवान ,यशवंत देवांगन, दिनेश गंधर्व, श्रीमती रीता प्रधान, कु धनेश्वरी दर्रो, संजीव तालुकदार, हेमंत देहारी, भरत, प्रमानंद और विशेष रूप से जीवनधर नेताम व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर स्कूल प्रांगण में प्राचार्य मुकेश सेमशन ने नींबू के पौधे का रोपण किया।

## प्रशासन के सुदृढ़ीकरण के लिए राजस्व अधिकारियों की जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित

# लोगों के हितों के लिए राजस्व अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ दें श्रेष्ठतम सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



राजस्व अधिकारियों की जिला स्तरीय कार्यशाला आज आयोजित की गई। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने कहा कि आम जनता के प्रति संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें और सतत सम्पर्क रखकर उनकी समस्याओं को निराकरण करने के लिए प्रयास करें। कार्यशाला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि भूमि प्रबंधन का कार्य राजस्व विभाग का है इसलिए भू-अभिलेखों का नियमित तौर पर दुरुस्तीकरण करने सहित समुचित संधारण करें। वहीं आम जनता से संवेदनशीलता बरतें तथा राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराृत करें। राजस्व अधिकारी अपने निर्धारित मुख्यालय में रहकर दायित्व निर्वहन करें, जिससे अधीनस्थ राजस्व अमले का उत्तरदायित्व बढ़ेगी और कार्यों में गतिशीलता आएगी। इससे आम जनता में राजस्व प्रशासन के प्रति विश्वास में वृद्धि होने के साथ ही अपने कार्यों को पूरा होने की उम्मीद बढ़ती है।

सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए राज्य शासन के सरलीकृत नियमों का परिपालन किये जाने के निर्देश दिए गए। इस दिशा में अधिकार अभिलेख के अभाव में सामाजिक ताना-बाना,स्थानीय रीति-रिवाज, सामाजिक परंपराओं, वंशावली इत्यादि के आधार पर ग्रामसभा के प्रस्ताव के माध्यम से सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र प्रदाय करें। शैक्षणिक सत्र के शुरुआत को देखते हुए स्कूली बच्चों को जाति,निवास और आय प्रमाण पत्र प्रदाय कार्य में अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने इस कार्य के लिए बीईओ,बीआरसी और संकुल समन्वयकों के माध्यम से लक्ष्य के अनुरूप प्रकरण तैयार करने कहा। वहीं युवाओं को भी प्राथमिकता के साथ उक्त सभी प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने के निर्देश दिए गए।

कार्यशाला में भू-राजस्व संहिता 1959 धारा 109, 110, 178, 248, 250, राजस्व पुस्तक परिपत्र, भू-अभिलेख नियमावली सहित अन्य राजस्व संबंधी अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। जिसके तहत नामांतरण, बटवारा, सीमांकन एवं अतिक्रमण संबंधी कार्यवाही का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही न्यायालयीन प्रक्रिया एवं आदेश लेखन, नए कानून तथा राजस्व अधिकारियों के कर्तव्य एवं अधिकार विषय पर विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस कार्यशाला में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं रीडर शामिल हुए।




# मोबाइल एटीएम वैन की सुविधा आपके द्वार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

एक चलती फिरती गाड़ी और उसमे लगी है एटीएम मशीन। इस एटीएम मशीन से आप अपने बैंक अकाउंट से पैसा निकाल भी सकते हैं और जमा भी कर सकते है। आप अपने बैंक अकाउंट का बैलेंस भी चेक कर सकते है और किसी अन्य के खाते में फण्ड ट्रान्सफर भी कर सकते है। यही नहीं, बहुत से बैंकिंग के कार्य भी इसके द्वारा पुरे किये जा सकते है। जैसे बैंक स्टेटमेंट्स निकालना, नए चेक बुक की रिक्वेस्ट करना, एटीएम पिन नंबर बदलना। जिला सहकारी बैंक नारायणपुर मोबाइल एटीएम वैन की सुविधा उन जगहों पर शुरू कर दी जाएगी, जहां आस पास में कोई एटीएम मशीन नहीं लगी हुई है। यहां के लोग अब आसानी से अपने डेबिट कार्ड के द्वारा इस मोबाइल एटीएम वैन में लगे एटीएम मशीन से बैंकिंग सेवाए ले पाएंगे।

बैंकिंग सुविधा को अधिक से अधिक जन-मानस तक पहुंचाने के लिए मोबाइल एटीएम वैन मील का पत्थर साबित हुआ है। बैंक मोबाइल वेन की एटीएम के जरिए और अधिक ग्रामीणों एवं किसानों तक यह सुविधा पहुंचाने के लिये संकल्पित है।

# भाजपा कार्यालय में मनी डॉ मुखर्जी की जयंती




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

फरसगांव में 6 जुलाई को डॉ श्यामा प्रशाद मुखर्जी की जयंती को भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर भाजपा कार्यालय में डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए देश हित में किए कार्यों को प्रवीर सिंह बदेशा के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को बताया गया। इस कार्यक्रम में मंडल प्रभारी एवं जिला महामंत्री आकाश मेहता एवं तरुण साना , मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ सीकदार, जनपद उपाध्यक्ष सुखलाल मरकाम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रशांत पात्र, प्रवीण राव, मुकेश पाण्डेय, खेमन यादव, सुरेश जायसवाल, लक्ष्मी एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोन्टा में गड़बड़ाई व्यवस्था, बीएमओ को लेकर मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा में पदस्थ स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ इन दिनों सुर्खियों में है। बताया जा रहा है कि अधिकारी ने अपने मंत्री को गुमराह करते हुए जगरगुण्डा में पदस्थ डा. अरविंद सिंह को बीएमओ बनने की अर्हता न होने की बात कहते हुए डा. अमित सिंह को बीएमओ बनाने का आदेश जारी कर दिया, जबकि 15 दिन बीत जाने के बाद भी उक्त आदेश का पालन नहीं कराया गया। कोन्टा में पदस्थ बीएमओ को लेकर कांग्रेस शासनकाल से ही भाजपा ने मोर्चा खोल रखा था। यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था व अन्य मामलों को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों ने लगातार शिकायत दर्ज कराई थी।

■ कांग्रेस शासनकाल से ही भाजपा ने मोर्चा खोल रखा था

### 15 दिन बाद भी चार्ज नहीं

भाजपा मंडल कोन्टा ने 21 जून को प्रदेश संगठन मंत्री के समक्ष कोन्टा बीएमओ को लेकर गंभीर शिकायत की थी, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने मोबाइल पर ही तत्काल प्रभाव से कोन्टा बीएमओ को हटाने का निर्देश दिया। जिस पर शासकीय आदेश क्रं 149 दिनांक 21 जून 2024 के तहत डा. रसपाल सिंह सुमन को हटाकर डा. अमित सिंह को बीएमओ बना दिया गया। बताया जाता है कि डा. रसपाल सिंह सुमन और डा. अमित सिंह दोनों एक ही बैच के है। उन्होंने भी बीएमओ का चार्ज लेने से इंकार करते हुए 15 दिवस बीत जाने के बाद भी न तो आदेश का पालन हुआ और न ही सीएमएचओ की ओर से कोई निर्देश दिया गया।




### कुछ इस तरह से किया गुमराह

21 जून को स्वास्थ्य मंत्री को मोबाइल पर जगरगुण्डा के डा. अरविंद सिंह को बीएमओ बनाने के लिए भाजपाइयो ने संगठन मंत्री के माध्यम से कहा तब सुकमा के सीएमएचओ श्री शांडिया ने उन्हे अपात्र बताते हुए कहा कि वे संविदा व बांड पर है और वे बीएमओ नहीं बन सकते। जबकि यह गलत जानकारी सीएमएचओ द्वारा दी गई थी। डा. अरविंद की पोस्टिंग शासन के आदेश क्रं एफ 1-60/2020/सत्रह/एक दिनांक 27 जुलाई 2022 को नियमित डॉक्टर के रूप में पदस्थापना हुई थी। वहीं सबसे मजेदार बात यह भी है कि छिंदगढ़ में पदस्थ बीएमओ डा. राजीव भगत की नियुक्ति सुकमा जिले में 12 अगस्त 2022 को हुई थी और महज एक वर्ष के भीतर 21 सितंबर 2023 को छिंदगढ़ का बीएमओ भी बना दिया गया।

### इस तरह का रवैया ठीक नहीं : बारसे

भाजपा जिलाध्यक्ष बारसे धनीराम ने सुकमा सीएमएचओ द्वारा मंत्री के साथ साथ भाजपा संगठन को



गुमराह किये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कोन्टा में जिस दिन मंत्री महोदय द्वारा निर्देश दिया जा रहा था, तब स्वयं वहां मौजूद था। तब सीएमएचओ ने जगरगुंडा के डॉक्टर को बीएमओ के लिये अपात्र बताया था। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे इस मामले को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत करेंगे।

### कार्य के प्रति गंभीर नहीं है अरविंद : शांडिया

इस मामले को लेकर सीएमएचओ डा. महेश शांडिया ने कहा कि जगरगुण्डा के डा. अरविंद कार्य के प्रति गंभीर नहीं है और रही बात बीएमओ द्वारा प्रभार नहीं लेने की, तो मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

## 3 नालों को पार कर 2 किमी पैदल चलकर जनपद कर्मियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# जनपद की टीम भटक गई थी रास्ता, ट्रैक्टर के चक्कों के निशान से पहुंची गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासन की महत्वपूर्ण योजना नियद नेल्लानार के तहत अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित गांव डुमरी पालनार में जनपद की टीम 3 नालों को पारकर 2 किमी पैदल चलकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने पहुंची। नियद नेल्लानार के तहत नक्सल प्रभावित और अतिसंवेदनशील गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जनपद पंचायत बीजापुर की टीम को ग्राम डुमरी पालनार पहुंची। जनपद पंचायत बीजापुर की टीम जब इस अतिसंवेदनशील गांव डुमरी पालनार जाने के लिए निकली थी, तब वह रास्ता भटक गई थी। लेकिन फिर इस टीम को ट्रैक्टर के चक्कों के निशान दिखाई दी। इस ट्रैक्टर के चक्कों के निशान के सहारे जनपद कर्मी इस गांव तक पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की। नक्सल प्रभावित इस गांव में आजादी के बाद पहली बार कोई अफसर पहुंचा था। बीजापुर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गीत सिन्हा अपने जनपद टीम के साथ इस गांव पहुंचे थे और उन्होंने ग्रामीणों के साथ मुलाकात की और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जिला प्रशासन की टीम को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में खुशी उत्साह का माहौल दिखा। इस अवसर पर पीपीआईए दिव्या नेगी, तकनीकी सहायक तोरण लाल उर्वशा, सचिव रागिनी देवांगन, रोजगार सहायक प्रताप सेमल आदि शामिल रहे।

■ आजादी के बाद पहली बार कोई अफसर पहुंचा डुमरी पालनार, ग्रामीणों ने बताई समस्याएं



### बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी

बीजापुर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस गांव की जनसंख्या 350 रही है। नियद नेल्लानार योजना के तहत हम डुमरी पालनार पहुंचे थे, ग्रामीणों से हमने मुलाकात की ग्रामीणों ने हमें अपनी समस्याएं बताई ग्रामीणों की मांग पर हेंडपंप खनन का कार्य किया जाएगा। इससे पहले यहां के ग्रामीणों को झिरिया का पानी मजबूरी वश पीना पड़ता था। वहीं यहां पर पुनर् संचालित स्कूल का भी निरीक्षण किया गया। यहां पर आंगनबाड़ी केंद्र और अनाज संग्रहण केंद्र का निर्माण के लिए जगह का चिन्हांकन भी किया गया है। वहीं अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों से हमारी मुलाकात सार्थक रही। जल्द ही ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# 15 दिन के अनसर काल के बाद हुआ नेत्रोत्सव पूजा विधान

**जगदलपुर।** 15 दिवसीय अनसर काल के बाद शनिवार को 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मणों के द्वारा नेत्रोत्सव पूजा विधान संपन्न करवाया गया। बस्तर गोंचा महापर्व समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि आज नेत्रोत्सव पूजा विधान संपन्न हुआ। 7 जुलाई को गोंचा रथयात्रा पूजा विधान संपन्न किया जायेगा। जिसमें जगन्नाथ मंदिर के छः खंडों में विराजित भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के कुल बाईस विग्रहों को रथारूढ़ कर रथ परिक्रमा मार्ग से होते हुए गुड़िचा मंदिर-सिरहासार भवन में सभी श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ विराजित होंगे। उन्होने बताया कि रियासत कालीन जगन्नाथ मंदिर के छः खंडों में जगन्नाथ की बड़े गुड़ी,



मलकानाथ, अमायत मंदिर, मरेठिया, भरतदेव तथा कालिकानाथ के नाम से जिसमें भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र व सुभद्रा देवी के 22 विग्रह का एक साथ एक ही मंदिर में स्थापित होना, पूजित होना तथा इन विग्रहों की एक साथ तीन रथों में रथारूढ़ कर रथयात्रा की शताब्दियों पुरानी परंपरा बस्तर गोंचा महापर्व को विश्व में सबसे अलग पहचान स्थापित करता है।

## पेज 3 के शेष

### आंगनाबाड़ी कार्यकर्ता...

के बाद आंगनबाड़ी में ड्यूटी आना बंद कर दिया और लगभग 11 माह हो गया, जिसके चलते आंगनबाड़ी बंद था । कार्यकर्ता अभी जुलाई से फिर आना चालू किया है, जिससे गांव का माहौल फिर से गरमा गया है।

### केंवटी रोड किनार..

लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर में भर्ती किया गया। जहां पर उसका इलाज कराया गया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 181, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### भगवान जगन्नाथ को ...

ऊपर नीचे रोड क्लब चौक से आमापारा कोठारी पेट्रोल पंप चौक, कचहरी चौक, गिल्ली चौक, गांधी चौक, मेडिकल स्टोर, राजापारा पुलिस लाइन, जैन मंदिर के पास होगा। रथ भ्रमण कर राजापारा मंदिर पहुँचेगा। भगवान को कीर्तन हाल में स्थापित कर 9 दिन पूजा अर्चना की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मैत्री संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान



जगदलपुर। बंगाली समाज द्वारा संचालित सबसे पुरानी संस्था मैत्री संघ के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान शिल्पी संस्था ने किया। इस दौरान मैत्री संघ अध्यक्ष दीपक घोष, महासचिव सुनील शाह, संजीव सील, देवव्रत, देवाशीष चौधरी, विश्वजीत भट्टाचार्य, शीला चक्रवर्ती, सरिता धर, प्रतिमा राय चौधरी, शिल्पी के अध्यक्ष सुबीर नंदी, उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, कोषाध्यक्ष हरि माधव दास, सहसचिव संजय चंद्रा, सदस्य शांतनु नाग, सांस्कृतिक प्रभारी दिशांत चक्रवर्ती उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी घर-घर दे रहे दस्तक

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण एवं गन्दे पानी भराव की साफ-सफाई हेतु नगर वासियों को स्वास्थ्य से संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं अनुविभागीय अधिकारी बचेली विवेक चंद्र, जिला स्वास्थ्य एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस. मण्डल, डॉ. हितेश ठाकुर, डॉ. देश दीपक, डॉ. वेणुगोपाल राव, संग्राम सिन्हा, भूपेन्द्र साह एवं अंचल की महिलाओं के द्वारा जिले के किरंदुल नगर पालिका के वार्डों में घर-घर भ्रमण कर मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम हेतु जन जागरूकता किया गया। भ्रमण के दौरान घर एवं आस-पास जलभराव होने वाले स्थान, पुराने टायर, गमला, कूलर, मटका में भरे पानी की सफाई एवं मच्छरदानी के नियमित उपयोग करने हेतु स्वास्थ्य सलाह दिया गया। साथ ही परियोजना अस्पताल (एनएमडीसी) किरंदुल के अस्पताल प्रशासन से चर्चा कर निर्देशित किया गया है कि एनएनडीसी. अस्पताल किरंदुल में मलेरिया एवं डेंगू के धनात्मक प्रकरण की पुष्टि होने पर तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सूचित करें ताकि जिला स्तर से रोकथाम हेतु तत्काल कार्यवाही किया जा सके।

### उसूर में संपूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ



**बीजापुर।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों के साथ-साथ आकांक्षी ब्लाकों का चयन किया गया है। जिसके अंतर्गत बीजापुर जिले के उसूर विकासखंड को आकांक्षी विकासखंड के रुप में चिन्हांकित किया गया है। ज्ञात हो कि संपूर्णता अभियान का उद्देश्य भारत के 112 आकांक्षी जिलों और 500 आकांक्षी ब्लाकों में चुने गए संकेतक में संतृप्ति (शतप्रतिशत) प्राप्त करना है संकेतक स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, समाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों से संबंधित है। उक्त संकेतको को आगामी 30 सितम्बर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। संपूर्णता अभियान के तहत सूचकांको को शतप्रतिशत करने का प्रयास किया जाएगा। इसमें पहली त्रैमासिक अवधि के दौरान प्रसवपूर्ण देखभाल (एएनसी) के लिए शतप्रतिशत बच्चों का टीकाकरण, हाइपरटेंशन, शुगर एवं डायबिटीज की जांच महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत सभी गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार प्रदान करना, मृदा परीक्षण के उपरांत सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण, सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड प्रदाय करना।

### वन भूमि पर अवैध तरीके से पक्का मकान ताना, कब्जाधारियों के हौसले बुलंद

# करंदोला में करोड़ों की जमीन पर कब्जा, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर-भानपुरी

समूचे बस्तर में पिछले कुछ वर्षोंर् से राजस्व व वन विभाग की लापरवाही से सैकड़ों एकड़ शासकीय जमीन पर धड़ल्ले से कब्जा कर बेचा जा रहा है, बावजूद गड़बड़ी करने वालों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नही होने से कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं। बस्तर जिले के भानपुरी रेंज के वन भूमि में अवैध कब्जा किया जा रहा है। विभागीय लापरवाही और

- कार्रवाई नही होने से अन्य लोग भी शासकीय जमीन पर कर रहे कब्जा

उदासीनता के चलते कब्जाधारी व्यक्ति बकायदा सीमेंट पोल लगा लिया है। बावजूद वन विभाग किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहा है। ग्राम पंचायत करंदोला में अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा करोड़ों की जमीन पर कब्जा कर दुकान, मंदिर और मकान तान दिया गया है। राजस्व जमीन पर कब्जा के बाद भी राजस्व अमला का मौन साध लेना कही न



कही कब्जाधारियों और राजस्व अमले की मिलीभगत को स्पष्ट कर रहा है। राजस्व व वन विभाग की कीमती जमीन में बेजाकब्जा के बाद कोई कार्रवाई न होता देख एक की देखा-देखी दूसरे लोगों द्वारा भी शासकीय जमीन पर बेधड़क कब्जा किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक बेजा कब्जाधारी भू-माफियाओं के द्वारा करोड़ों की जमीन कब्जा कर लोगों को बेच दिया गया है।

#### अस्पताल के पीछे भवन तन चुके

भानपुरी-करंदोला सिविल अस्पताल के पीछे की शासकीय जमीन पर कब्जा कर बकायदा भवन ताना जा चुका है। डॉक्टर आवास के समीप और वन विभाग की जमीन को भी भू-माफियाओं ने नहीं छोड़ा है। यहां तक कि पारा के पीछे जहां कभी घना जंगल हुआ करता था,आज वहां जंगल साफ हो चुका है, वहां अवैध रूप से मक्का की खेती की जा रही है।

#### रिजर्व फारेस्ट की जमीन पर कब्रिस्तान

भानपुरी रेंज के अंतर्गत रिजर्व फारेस्ट की जमीन पर समुदाय विशेष के द्वारा कब्रिस्तान बना लिया गया है। उक्त जमीन पर करोड़ों रूपये के बेशकीमती वृक्ष खड़े है। लेकिन धर्मपरिवर्तन जैसे अवैध कार्य में लगे समुदाय विशेष के लोग इसे भी नही छोड़े।

#### जल-जंगल-जमीन की दुहाई देने वाले जनप्रतिनिधि हैं खामोश

अचरज का विषय यह है कि जल-जंगल-जमीन आदिवासियों का स्वभाविक अधिकार है। आदिवासी समाज इसके लिए लगातार संघर्षरत है। जनप्रतिनिधि इस बात की दुहाई भी देते है,लेकिन जंगल पर भू-माफियाओं के अवैध कब्जा पर वे भी चुप्पी साध रखे है।

## दो भाइयों में हुआ विवाद, बीच बचाव करने वाले को पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

शहर कांकेर के श्यामा नगर जनकपुर वार्ड में दो भाइयों में विवाद हो रहा था, जिसे बीच बचाव करने वाले को ही आरोपी ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट से मारपीट कर घर के बाहर खड़ी स्कूटी को तोड़ फोड़ किया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।



कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे श्यामा नगर जनकपुर वार्ड निवासी 30 वर्षीय रिकेश कुमार कोमरे पिता रामचण कोमरे ने पुलिस को बताया की बीती रात करीबन 12 से 1 बजे के मध्य मोहल्ले में वाले अरूण कुमार यादव और उसका छोटा भाई शुभम यादव दोनों में विवाद हो रहा था। मेरे द्वारा बीच बचाव करने पर शुभम यादव के द्वारा तुम बीच में आने वाले कौन होते हो कहकर गाली देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया और ईंट से दाहिने हाथ की गदेली में मार दिया, जिससे मेरे दाहिने हाथ की हथेली एवं चेहरे में चोट आई है। रात को थाना में शिकायत करने गया था, पुलिस ने मुझे ईलाज के लिए अस्पताल भेज दिया और रात होने के कारण मैं एफआईआर दर्ज नहीं करा पाया था। रात में शुभन यादव मेरे घर के सामने आकर फिर से गाली गलौज कर रहा था। सुबह करीबन साढ़े 7 बजे देखा कि मेरे घर के सामने रखी स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीएन 5287 को आरोपी के द्वारा तोड़फोड़ किया गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## दरभा ब्लाक में विकास के सभी काम प्राथमिकता से होंगे : किरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने शनिवार को दरभा मंडल में लाखों के विकास कार्योंर् का भूमिपूजन किया। दरभा मंडल के कामानार में भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे विधायक का ग्रामीणों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। दरभा मंडल में मुख्यमंत्री अधोसंरचना संसाधन एवं उन्नयन प्राधिकरण मद से प्राथमिक शाला टोपर अतिरिक्त कक्ष भवन का उन्नयन कार्य का भूमिपूजन, प्राथमिक शाला भाटागुड़ा, माध्यमिक शाला छिंदबहार, प्राथमिक शाला चिंगपाल, माध्यमिक शाला धुडमारास, माध्यमिक शाला नेगानार, प्राथमिक शाला धुडमारास सहित प्राथमिक शाला कपकाकपारा अतिरिक्त कक्ष का उन्नयन लागत 7 लाख एवं डाढल तरई में 15वें वित से तराई का जीर्णोद्धार लागत 9.70 लाख, एनएमडीसी सीएसआर मद से सीसी रोड़ लागत 10 लाख, प्राथमिक शाला काण्डकीपारा में शाला मरम्मत कार्य लागत 2 लाख कुल 70 लाख रुपए के विकास कार्योंर् का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बस्तर के पारंपरिक स्वागत को लेकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। आप सभी के मांग के अनुरूप गांव में विकास कार्य किए जा रहे हैं विकास अनवरत जारी रहेगा। मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है सड़क, पुल-पुलिया, पानी, शाला भवनों का उन्नयन व अन्य सभी विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे।

#### दरभा में 130 बोर की स्वीकृति

विधायक ने बताया कि दरभा मंडल में 130 बोर की स्वीकृति दिया गया है। क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या ना हो उस पर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत उन्होंने पंचायत भवन में पौध रोपण किया। इस दौरान पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य सीता नाग, जनपद सदस्य शांति, सरपंच ललिता कश्यप, दरभा मंडल अध्यक्ष फूल सिंह सेठिया, प्रभारी नीटू भदोरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष भोला श्रीवास्तव, महामंत्री हरिप्रसाद, संतोष बघेल, गागरा राम, विष्णु प्रताप एवं खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### वीसीबी क्लेम्प बदलने से एक घंटे बंद रही बिजली



**जगदलपुर।** शहर में विद्युत लाईन में शनिवार को 11 केवी जयपुर, टाउन एवं रूरल फीडर में वीसीबी का क्लेम्प बदलने से सुबह 11 बजे से 12 बजे तक बिजली बंद रही। इससे पॉवर हाउस चौक से पंच पथ चौक, राजमहल परिसर, संग्रहालय, पनारापारा, विजय वार्ड, प्रवीर वार्ड, पुराना पुल से समुंद चौक से तहसील कार्यालय, महादेव घाट, सर्किट हाउस रोड, केंद्रीय जेल, ठाकुर रोड, मेन रोड, चांदनी चौक, डोंगाघाट एवं आसपास का क्षेत्र प्रभावित रही, जिससे उपभोक्ता परेशान रहे। वहीं सुधार में सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव के नेतृत्व में दर्जन भर कर्मचारियों ने मशक्कत की।

सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पक्षों पर की गई चर्चा

## भानुप्रतापदेव महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 6 जुलाई को भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्याल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक दिवस कार्यशाला समस्त सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारियों के लिए आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर सुनिल कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, शासकीय इंदरू केवट कन्या महाविद्यालय उपस्थित रहे।

कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने कहा कि यह शिक्षा नीति छात्र-छात्राओं के लिए बहुउपयोगी बताया। मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर सुनिल साहू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए उसके सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पक्षों पर चर्चा किया।

सैद्धांतिक पक्ष की चर्चा करते हुए उन्होंन बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास एवं गुणवत्ता पुर्ण शिक्षा को लागू करके सशक्त माध्यम है। यह विद्यार्थियों को अपने बहु विषयक प्रणाली



माध्यम से बौद्धिक क्षमता में वृद्धि करने में सहायक सिद्व होगा एवं इस शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा के समावेश होने के कारण न केवल विद्यार्थियों को एक नई दिशा देगा, बल्कि उन्हें भविष्य में अपनी परम्परा को जीवित रखने वाला एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाएगा।

इस शिक्षा नीति के व्यवहारिक पक्ष की चर्चा करते हुए बताया कि यह शिक्षा नीति 3 से 4 वर्षीय सेमेस्टर प्रणाली पर आधारित होगा। इसमें विद्यार्थियों को क्रेडिट एवं अन्य संकाय के विषयों को चुनने की स्वतंत्रता होगी। इस शिक्षा नीति में आंतरिक मूल्यांकन में 30 प्रतिशत एवं अंत में सेमेस्टर में 70 प्रतिशत अंकों प्रावधान रहेगा।

इस शिक्षा नीति में प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के पश्चात पढ़ाई छोड़ने पर और क्रेडिट पूर्ण करने पर क्रमशः सटिफिकेट व डिप्लोमा की उपाधि प्राप्त होगी। कार्यशाला का संचालक प्रो. शरद ठाकुर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कमल सदन अलबेला पारा में भाजपा शहर मंडल द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा विधायक आशाराम नेताम ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है, गगनभेदी नारा जब भी गूंजता है, हर राष्ट्रभक्त के रौंगटे खड़े हो जाते हैं, भुजाएं फड़कने लगती हैं तथा लहू में




राष्ट्रभक्ति का ज्वार लावा बनकर दौड़ने लगता है। डॉ. मुखर्जी के नाम पर हम यह नारा लगता हैं, आज उन्हीं की जयंती है। कश्मीर को पूरी तरह से भारत का हिस्सा बनाने के लिए तथा धारा 370 के खिलाफ आज के ही दिन डॉ. मुखर्जी देश के धर्मनिरपेक्ष राजनीति की बलि चढ़ा दिए गए थे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा ने डॉ. मुखर्जी के बारे में बोलते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी इस प्रण पर सदैव अड़िग रहे कि जम्मू एवं कश्मीर भारत का एक अविभाज्य अंग है। उन्होंने सिंह गर्जना करते हुए कहा था कि एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेगा। मण्डल अध्यक्ष दीपक खटवानी ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आयोजित कार्यक्रम में निपेन्द्र पटेल, रामचरण कोर्राम, गिरधर यादव, दिनेश रजक, ईश्वर कावड़े, डॉ. ईश्वर सिन्हा, संजय सिन्हा, जयंत अटभैया व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## उपज की आवक नहीं, मंडी के पंजीकृत हमाल कर रहे खेती किसानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर संभाग के 11 मंडियों में इन दिनों बारिश के चलते उपज की आवक नहीं हो रही है। इससे मंडी

- हमालों ने कहा परिवार पालने के लिए कर रहे खेतों में मजदूरी

में पंजीकृत हमालों को परिवार को पालने की चिंता होने से मंडी पलायन कर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर खेती किसानी कर रहे हैं। कुछ हमाल संभागीय मुख्यालय स्थित संजय मार्केट में व्यापारियों के दुकानों में हमाली कर रहे हैं।



हमालों ने बताया कि मंडी में जुलाई से सितंबर तक उपजों आवक नहीं हो रही है, इससे परिवार पालने रोजी रोटी से अंदरूनी क्षेत्र के खेतों में मजदूरी कर बच्चों का पालन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में मंडी प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की जाती है, जिससे हमाल परेशान हैं। हालांकि बताया जा रहा है कि 11 मंडी क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार के उपमंडियों में पुराने धान एवं मक्का हो रही है, जिससे मंडी की आय मिल रही है, पर मंडी परिसर वीरान हो गई है।

#### मंडी की हो रही आय प्रभावित

कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक श्रीनिवास मंगम ने बताया कि बारिश के दौरान मंडियों में उपज की आवक नहीं होती। इससे मंडी की आय प्रभावित हो रही है।

## भाजपा ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें याद किया

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें याद किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा जिला कार्यालय में नगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बस्तर संभाग प्रभारी रजनीश सिंह भी शामिल हुये। नेताओं व कार्यकर्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। संबोधन में रजनीश सिंह ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण करते हुये कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता डा. मुखर्जी के बताये मार्ग व उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करें। उनके आदशोंर् को अपना कर विचारों को साकार रूप प्रदान करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। संचालन संग्राम सिंह राणा व आभार आर्येन्द्र सिंह आर्य ने माना। इस दौरान पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, वेदप्रकाश पाण्डेय, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, राजपाल कसेर, परिस बेसरा, उदबो राम नाग, बबलू दुबे, विक्रम सिंह यादव, प्रकाश झा, रोहित त्रिवेदी, विनय राजू, दिनेश केजी, पुरषोत्तम जोशी, पुलकेश्वर पाण्डेय सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## मीडिल स्कूल हल्बा कचोरा के बच्चों को सिंधी समाज ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

सिंधी पंचायत ने माध्यमिक शाला हल्बा कचोरा के विद्यार्थियों को न्योता भोज करवाया। अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के अनुसार स्कूलों में विद्यार्थियों को एक दिन किसी भी समाजिक संगठन द्वारा न्योता भोज करवाया जा सकता है। सिंधी पंचायत के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने न्योता भोज माध्यमिक शाला हल्बा कचोरा में कराया। इस अवसर



पर शाला के प्रधान अध्यापक सुदुराम कश्यप, शिक्षक मीना मथरानी, सरिता बघेल, भारती मोहंती, सरोज मेडम, असीम सिरमौर एवं भृत्य शिवकुमारी बघेल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष सुनील दण्डवानी ने छात्र-छात्राओं को देश के वरिष्ठ नेताओं के बारे में जानकारी दी। सिंधी समाज की महिलाओं ने बच्चों को भोजन परोसा और शिक्षा में उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सचिव हरेश नागवानी ने बताया कि समाज समय-समय पर कुछ नया आयोजन करती रहती है। अब न्योता भोज विद्यार्थियों को कराने का अवसर मिला। छात्र-छात्राओं को पेन, पेंसिल, कटर, रबर प्रदान किया गया। पदाधिकारियों ने शाला परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान बृजलाल नागवानी, सुरेश मेठानी, अनिल हासानी, राजेश भोजवानी, सुनील नानकानी, मोहित दण्डवानी, विजय बसन्तवानी, दीपक वासवानी, संजय राजपाल, संजय नानकानी, यश, हार्दिक, किशोर वासवानी, रजनी दण्डवानी, नीलम बसन्तवानी, ऋचा नानकानी, वर्षा राजपाल, रिया वासवानी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### एनईपी 2020 के लिए कार्यशाला आयोजित

**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में एनईपी 2020 के संवेदनीकरण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला स्तरीय मास्टर टेनर डॉ. नेल्सन खेस ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य बिदंओ को सरलता पूर्वक समझाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार साहू, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के समन्वयक खिलेश्वर कोसमा, आईक्यूएसी के प्रभारी डॉ. अशोक कुमार भारती, अन्य सहायक प्राध्यापक एवं कार्यालीन स्टाफ उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने किया पौधा वितरण



**चारामा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल चारामा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिवस पर बैठक आयोजित कर आमजन एवं कार्यकर्ताओं को पौधा वितरण का कार्य किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत प्यारेलाल देवांगन, महामंत्री सुशील निषाद, जैतू नायर, रुपेश सिन्हा, बृजलाल साहू, नागेश भावते अशोक देवांगन, संदीप राजपूत, अनिरुद्ध ठाकुर,संतोष नाहर,पापून बॉस,भागीराम साहू, विजय मंडावी, नरोत्तम वैस्णव, रवि सिन्हा,मीडिया प्रभारी परमेश्वर यादव उपस्थित रहे।

### आंवरी में छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति का आज होगा लोकार्पण



**चारामा।** नवसृजन आयोजक समिति के द्वारा नगर चारामा से लगभग 4 किमी की दूरी पर ग्राम आंवरी में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना किया है, जिसका लोकार्पण आज 7 जुलाई को दोपहर 3 बजे होगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी,अध्यक्षता समिति के संरक्षक राजेश जैन और विशिष्ट अतिथि गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष ठाकुरराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य नवली मीना मंडावी, जनपद सदस्य अमिता बंजारे, आंवरी सरपंच मनाय गावड़े सरपंच आंवरी, नवसृजन आयोजक समिति के अध्यक्ष भूषण सिन्हा, आंवरी उपसरपंच महेश साहू, ग्रामीण अध्यक्ष धन्नूराम साहू, सलाहकार डोमार सिंह साहू, लक्ष्मण विश्वकर्मा, मकुंद यादव उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय जानकारी समिति के सचिव बोधन साहू ने दी।

# साढ़े 9 लाख की ठगी करने वाले को कलकत्ता से दबोचा, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बीएसएफ के निरीक्षक से साढ़े 9 लाख की लगभग पाँच माह पहले ठगी करने वाले ठग को बांदे पुलिस ने कलकत्ता से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। आरोपी से मिली जानकारी पर इस धोखाधड़ी के मास्टर माइंड की तलाश में जुट गई है।

बीएसएफ के कन्हांरगांव कैंप के निरीक्षक मुनेन्द्र कुमार 31 जनवरी 2024 को भारतीय स्टेट बैंक में अपने खाता को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस वेतन पैकेज खाता में परिवर्तन करने के संबंध में ऑनलाइन गूगल के माध्यम से शाखा फरूखाबाद के शाखा प्रबंधक का मोबाइल नंबर सर्च किया। सर्च करने पर एक मोबाइल नंबर मिला जिसमें कॉल करने पर बात कर रहे व्यक्ति ने ऑनलाइन खाता बदलने प्ले स्टोर से कस्टमर एप के नाम से एप डाउनलोड करवाया। उस एप के माध्यम से खाता संबंधित निजी जानकारी खाता धारक से लेकर साढ़े 9 लाख का घोखाधड़ी किया। बीएसएफ के निरीक्षक की शिकायत पर बांदे पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। विवेचना में जानकारी मिली कि कोलकाता निवासी वीरेंद बांधे धोखाधड़ी करने वाले सरगना को बैंक खाता उपलब्ध कराता है, वहीं मुख्य आरोपी है। कार्रवाई में थाना बांदे के सहायक उप निरीक्षक देवनारायण बंजारे, प्रधान आरक्षक तुलाराम तारम, आरक्षक ओमनारायण सिन्हा, राजेन्द्र माहेश्वरी, महिला आरक्षक जागेश्वरी सलाम शामिल रहे।

## बीएसएफ के निरीक्षक से की थी ठगी

### एक किमी दौड़ाकर आरोपी को दबोचा

बांदे थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख के नेतृत्व में टीम गठित कर कोलकाता रवाना किया गया, वहां टेंगरा थाना में संपर्क कर वीरेंद बांधे को पूछताछ के लिए बुलाया गया और पुलिस का सहयोग न कर लुकने-छिपने लगा। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को पकड़ने के लिए चाईना टाउन के पास जाल बिछाकर व डमी खाता धारक बनकर वीरेंद बांधे को प्रलोभन देकर बुलवाया गया। कुछ दूर आने के बाद वीरेंद बांधे को पकड़े जाने का भनक लग गया और वह भागने लगा। पुलिस तत्परता व साहस का परिचय देते हुए आरोपी को 1 किमी. दौड़ाकर पकड़कर हिरासत में लिया।



### ठग गिरोह में कई टीमें शामिल

*आरोपी से पूछताछ पर पता चला कि गिरोह 02-03 राज्यों का बार्डर है। वहीं से मोबाइल टावर बदलते हुए विभिन्न चरणों व विभिन्न टीम काम करते है। एक टीम लोगों को पैसे का लालच देकर बैंक खाता किराए में लेती है, दूसरी टीम काल सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन लोगों को प्रलोभन देकर उनका गोपनीय बैंक डिटेल्स एकत्र करती है व उसके माध्यम से पैसे का ट्रांसफर विभिन्न खातों में करती है। तीसरी टीम रात में मास्क लगाकर बच्चों व लड़कों को कुछ पैसे का लालच देकर उन खातों से एटीएम द्वारा पैसे निकलवाती है। पूछताछ में यह भी पता चला कि दारापार 4 नंबर ब्रिज का निवासी समीर इस सिंडिकेट का मुख्य मास्टर मांइड है, जिसकी गिरफ्तारी पुलिस द्वारा जल्द ही की जाएगी।*

## आयोजन : ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया

# संपूर्णता अभियान के तहत जागरूक करने कोयलीबेड़ा में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

- उपस्थित लोगों को दिलाई गई शपथ

जिले के कोयलीबेड़ा को आकांक्षी विकासखंड घोषित किए जाने पर इस विकासखंड में जागरुकता लाने कोयलीबेड़ा विकासखंड मुख्यालय में रैली निकाली गई और शपथ दिलाई गई। आयोजित शिविर में स्वास्थ्य कैंप लगाकर कार्यक्रम में पहुँचे ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जानकारी के अनुसार विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा में स्टेडियम में 6 जुलाई को आयोजित संपूर्णता अभियान कार्यक्रम जनपद अध्यक्ष देवली नुरेटी के मुख्य आतिथ्यि, जनपद उपाध्यक्ष किशारे मंडल, जनपद सदस्य, सरपंच व पंच के आतिथ्य में उपस्थित ग्रामीणों व छात्रों को संपूर्णता अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। नीति आयोग के द्वारा पिछड़े जिले के बाद अब पिछड़े विकासखंड को आगे लाने के लिए फोकस करते हुए अभियान चलाया गया है, जिसमें एक एनजीओ के द्वारा निःशुल्क मदद भी की जा रही है। आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य केंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई गांव से पहुँचे ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई। आईसीडीएस एवं समूह की महिलाओं के द्वारा व्यंजन प्रदर्शन आयोजित की गई, जिसका लुत्फ ग्रामीणों ने उठाया। अतिथियों ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि आपको अपनी समस्याएं बताना है, जिसका निराकरण गांव आने वाले अधिकारी कर सके।




आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य लकेश्वर ध्रुव, सियाराम पुड़ो, धरमदास गोलदार, सुकमणि अधिकारी, सोहन हिचामी, अजय शील, सरपंच कोयलीबेड़ा रमा पुजारी, सरपंच जिरामतरई हेमा हुपेंडी, सरपंच उदनपुर पुनारो बघेल, सरपंच तुरसानी पाण्डेराम सलाम, सरपंच कौड़ोसालेभाट बसंत ध्रुव, सरपंच केसेकोड़ी पीलूराम उसेंडी, सरपंच प्रतिनिधि रजनाथ पोटाई, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश आंचला, उपाध्यक्ष मोहन हुपेंडी, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष श्रवण यादव, भूतपूर्व सरपंच हरीश उसेंडी के अलावा जनपद कोयलीबेड़ा के सीईओ घनश्याम जांगड़े, बीईओ केजूराम सिन्हा, वन परिक्षेत्र अधिकारी दिलीप सिन्हा, कोयलीबेड़ा तहसीलदार कुलदीप ठाकुर, नीति आयोग से विकासदीप टंडन, कोयलीबेड़ा के चिकित्सक डाँ. मुकेश सिन्हा, कोयलीबेड़ा परियोजना अधिकारी सीमा सिंह एवं सभी पर्यवेक्षक, वरिष्ठ कृषि अधिकारी एनआर नेताम, कोयलीबेड़ा हायर सेकेंड्ररी स्कूल के प्राचार्य गणेशराम गड़िया एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### जनपद सदस्य ने दिलाई शपथ

जनपद सदस्य रीना बघेल ने कार्यक्रम में पहुँचे ग्रामीणों, शिक्षक व सभी विभाग के अमले को सात इंडीकेटर गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल मिले, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त हो। सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण हो, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच हो। सभी का हैल्थ कार्ड का वितरण हो, स्व सहायता समूह को रिवाल्विंग फंड मिले, स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो की व्यवस्था करने का संकल्प दिलाया। इन इंडीकेटर को पूरा करने के लिए सभी की मदद की जरूरत पड़ेगी।

## सेलेगोंदी में भाजपाइयों ने फलदार पौधे लगाए

# भाजपा मंडल कोरर ने श्यामा प्रसाद की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी कोरर मंडल अंतर्गत ग्राम सेलेगोंदी में मनाई गई। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती में भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया भाजपा जिला मंत्री व मंडल प्रभारी अनूप सिंह राठौर मंडल महामंत्री जय शिवना मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी कि जीवनी पर विस्तार से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तथा भारत कैसे ऊंचे शिखर पर पहुंचे उनके इस विचार को साझा किया। साथ ही सेलेगोंदी स्कूल मैदान पर मुखर्जी जी कि जयंती के उपलक्ष्य पर फलदार पौधा लगाया गया। इस अवसर पर जयना तारम जिला महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष, चउत राम उयके अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, हरबंस शिवना किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, हरिशंकर जैन पूर्व मंडल महामंत्री, पंचूराम मसिया बूथ अध्यक्ष, दिलीप चुरगिया, श्याम सुंदर राना, शिवनारायण शिवना, पोना राम जैन, पवन सेन, जनक उयके , बूधारु भुआर्य,शांति नरेटी, जमुना विश्वकर्मा, कुमारी टेमरिया, मिथिलेश्वरी शोरी, परमेश्वर पांडे, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# शाला प्रवेश उत्सव माध्यमिक शाला इरागांव में मनाया गया

**भानुप्रतापपुर।** शाला प्रवेश उत्सव प्राथ. शा. इरागांव, दुगूगांव एवं मा.शा. इरागांव में संयुक्त रूप से धुमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवराखन सलाम जनपद सदस्य साल्हें रहे। अध्यक्षता गेंद कुमार हिड्को सरपंच ग्राम पंचायत इरागाव ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम-प्रमुख भागवत कोरेटी एवं चैतुराम आचला शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष ललेश्वरी बघेल एवं भुनेश्वरी तेता थे।



कार्यक्रम में कक्षा पहली एवं नवमी के नव प्रवेशी छात्रा छात्राओं को तिलक लगाकर मुंह मिठा कर स्वागत अभिनन्दन कर निः शुल्क गणवेश एवं पुस्तक अतिथियों के द्वारा वितरण किया गया। इसके बाद प्रधान अध्यापक एस एस नेताम मा.शा.इरागांव के द्वारा सत्र 2023-24 के परीक्षा में ए ग्रेड लाने वाले बच्चों को प्रोत्साहित के रूप में कापी, पेन ड्रेस कपड़ा टाई बेल्ट एवं जुता मोजा प्रदाय किया गया। अतिथियों के द्वारा का शाला उत्सव का उद्देश्य, पढ़ाई करने से क्या लाभ होता है प्रतिदिन बच्चों को शाला भेजने पालकों को सुझाव दिया गया।

प्रवेश उत्सव में शिक्षक सुखी राम कोरेटी, रमेश दरपट्टी, अजीत सिंह, राकेश चुरेन्द्र, योगेश मंडावी, भुनेश्वर नागवंशी, दिनेश अरकरे,जगदीश कोरेटी, कुशाल राम, दलपति डोंगरे एवं ग्रामवासी समस्त पालक उपस्थित थे।

# ईमानादी और लगन से पढ़ाई करके स्कूल के साथ अपना नाम रोशन करें: आशाराम

**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद में शाला प्रवेश उत्सव विधायक आशराम नेताम के मुख्य आतिथ्यि में मनाया गया। विधायक ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं मुँह मीठा कराकर स्वागत किया। स्वागत करने के उपरांत पुस्तकें व गणवेश का वितरण किया। स्कूल के दसवीं व बारहवीं के टापर को सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में फलदार पौधे का रोपण किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक विधायक आशाराम नेताम ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने और पूरी लग्न से शिक्षा लेने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम ने बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद को अनिवार्य कहा। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने छात्रों को एक अच्छा व सच्चा इंसान बनने को कहा, साथ ही नीट की परीक्षा पास कर डॉक्टर बनने वाले छात्र को स्कूटी देने की घोषणा किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता भरत मटियारा ने छात्रों को शासन से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे बताया, जिसका लाभ लेकर प्रत्येक विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकता है। शाला प्रवेश उत्सव को




रंगारंग बनाने में आरुषि, तनुजा, तमन्ना, शीतल गीतांजली, भाग्यश्री, वनिशा, यश, आयुष, समीर, आशीष, लीशा, खनक, इशिका, योगिता ने स्कुल चले हम, पढ़ते जाना है गीत पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति सेजेस पटौद का गठन किया गया। अध्यक्ष के लिए रामरतन रामटेके और उपाध्यक्ष लिए राकेश कुमार नायक का नाम अनुमोदित किया गया। विद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम में ऑटोमोबाइल और कृषि के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के साथ सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र अतिथियों द्वारा वितरण किया गया। स्कूल के दसवीं टॉपर खनक सलाम, लीशा सलाम, इशिका वर्मा एवं 12वीं के टॉपर कला संकाय से शिवम नेताम, सूर्यप्रकाश विज्ञान संकाय से गीतांजली साहू, सिमरन साहू, शालिनी दर्रो को विधायक के द्वारा ईनाम देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डीएस निषाद, सावंत नेताम, कन्हैया उसेंडी, सरपंच पूनम सलाम, चन्द्रकान्त वट्टी सरपंच पुसावण्ड, सुरेखा नेताम सरपंच बेवरती, लखन मंडावी सरपंच अंजनी, ऋषि साहू उपसरपंच पटौद, लोमेंद्र यादव एसएमडीसी पूर्व उपाध्यक्ष सेजेस पटौद, व्याख्याता हर्षा चंद्राकर, व्याख्याता लिखेश्वर कुमार भुसाखरे दाई मिलो बाई सलाम, जनक नेताम, पालकगण, गणमान्य नागरिक एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# अवैध देशी महुआ शराब की बिक्री करते युवक पकड़ाया

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत जंवरतरा में अवैध रुप से देशी महुआ शराब की बिक्री करते हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने रंगे हाथो पकड़ा व उसके कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब जब्त कर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। कोरर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति जंवरतरा में अपने घर के सामने अवैध रुप से देशी महुआ शराब कि बिक्री करने के लिए खड़ा है। जानकारी की तस्दीक कर पुलिस ने इलाके की घेराबंदीकर आरोपी जंवरतरा निवासी 36 वर्षीय चन्द्रभान उसेण्डी पिता छिंदराम को 5 जुलाई की शाम 4 बजे अवैध रुप से शराब की बिक्री करते हुए पकड़ा। आरोपी के कब्जे से दो 5-5 लीटर वाली सफेद व पीले रंग की जरकीन में 7 लीटर देशी महुआ शराब जिसकी कीमत 700 रुपएं व बिक्री रकम 100 रुपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐग्जीमा, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - ल्यूरिया, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## इलाज के दौरान युवती की मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत उदयनगर निवासी 32 वर्षीय रेखा सेठिया पति लक्ष्मीनाथ सेठिया का दलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार मृतिका को 5 जुलाई की सुबह 9 बजकर 15 मिनट बजे ईलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती किया गया था। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, मौत का कारण अज्ञात है। अस्पताल प्रबंधन की जानकारी पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कार्रवाई में लिया है।

# कार्यशाला का आयोजन दिया महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्रदेश में सत्र 2024-25 से समस्त महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीएससी का पाठ्यक्रम सेमेस्टर पद्धति से लागू किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के संबंध में महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह की अध्यक्षता में किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया द्वारा स्वागत उद्बोधन पश्चात कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के संयोजक रितेश कुमार नाग द्वारा नीति के प्रावधान संबंधित सामान्य चर्चा करते हुए जिला मास्टर ट्रेनर एवं विषय विशेषज्ञ डॉ नेल्सन खेस को प्रथम सत्र के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में डॉ. नेल्सन खेस ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को



बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 3/4 बहु-संकायी स्नातक पाठ्यक्रम क्रेडिट पर आधारित होने के साथ ही चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत होंगे, जिसे विद्यार्थी अधिकतम 07 वर्षों में पूर्ण कर सकता है। पाठ्यक्रम अवधि में विद्यार्थी बहु- निकास प्रावधान के अंतर्गत प्रथम वर्ष पूर्ण कर किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ देता है तो उसे उस संकाय के अंतर्गत सर्टिफिकेट तथा 2 वर्ष पूर्ण कर छोड़ने पर डिप्लोमा की उपाधि दी जाएगी। 3 वर्ष पूर्ण करने पर स्नातक की उपाधि प्राप्त कर पाठ्यक्रम को छोड सकता है। जिन विद्यार्थियों को विषय विशेष में विशेषज्ञता प्राप्त करने या शोध करने की इच्छा हो, वे पाठ्यक्रम को निरंतर चौथे वर्ष में जारी रख सकते हैं, और 4 वर्ष पूर्ण कर ऑनर्स या ऑनर्स विथ रिसर्च की उपाधि प्राप्त कर सकते हैं।

### कौशल विकास को भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया

इस नीति के अंतर्गत बहुविषयक शिक्षा, वैचारिक समझ एवं आलोचनात्मक सोच, नैतिक मूल्यों के साथ कौशल विकास को भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। सतत आंतरिक मूल्यांकन में 30 प्रतिशत अंक एवं अंत सेमेस्टर परीक्षा में 70 प्रतिशत अंकों का प्रावधान रखा गया है। विद्यार्थी को उत्तीर्ण होने हेतु इन दोनों को मिलाकर (आंतरिक एवं अंत सेमेस्टर परीक्षा) कुल 40 प्रतिशत प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जेनेरिक इलेक्टिव के अंतर्गत कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय के किसी एक विषय को अपनी इच्छानुसार ले सकते हैं। कार्यशाला के समापन अवसर पर महाविद्यालय के छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के सदस्य टुपेश कुमार कोसमा द्वारा किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षक एवं कर्मचारी स्टाफ उपस्थित रहे।

